सेंट एंड्रयूज़ स्कॉट्स सीनियर सेकेंडरी स्कूल

९वीं एवेन्यू, आई.पी.एक्सटेंशन, पटपडगंज,दिल्ली – ११००९२

सत्र: २०२४-२०२५

कक्षा-6	विषय- हिन्दी पाठ्यपुस्तक	पाठ- 13

मौखिक

1.उत्तर बताइए-

(क) भोलाशंकर गाँव से सोलह किलोमीटर दूर एक शहर से बिक्री के लिए सौदा लाता था।

(ख) सरसों की चार बोरियों के साथ भोलाशंकर को कुछ और सामान भी खरीदना था। इसलिए हिसाब-किताब करने ओर सौदा खरीदने के कारण भोलाशंकर को लौटने में देर हो गई।

(ग) शहर से लौटते समय अपने साथ होने वाली घटना से भोलाशंकर ने भविष्य में होनेवाली वारदातों का अनुमान लगा दिया।

(घ) भोलाशंकर की बात सुनकर मुखिया उसे लेकर थाने गया और लूट की घटना के बारे में रिपोर्ट पेश की।

(ङ) मुखिया की बात पर दारोगा जी चार सिपाहियों को लेकर जीप पर सवार होकर लूट के स्थान की ओर रवाना हो गए।

लिखित

2.प्रश्नों के उत्तर लिखिए-

(क) गाँवों में सरसों की बुवाई के लिए खेतो को तैयार किया जा रहा था। बुआई के समय सरसों की अच्छी बिक्री होगी यह सोचकर भोलाशंकर ने सरसों की बोरियाँ लाने का निश्चय किया।

(ख) गाँव लौटते समय भोलाशंकर ने जिन गीतों के बोल उसे याद थे, उन्हें जोड़कर एक नया रूप दे दिया। इसे तेज आवाज़ में गाते झूमते भोलाशंकर ने आधा रास्ता तय कर लिया।

(ग) सड़क पर भोलाशंकर को कुछ लोग दिखाई दिए। सबका चेहरा ढका हुआ था और सब अपरिचित लग रहे थे। उन्हें देखकर भोलाशंकर की घिग्घी बंध गई।

(घ) भोलाशंकर को यकीन हो गया कि नुकीली कील में फँस कर कोई बोरी फट गई होगी। फटे स्थान से सरसों के बीज निकलकर नीचे गिर गए होंगे। बीज लुटेरों के घर तक गिरे होंगे। सरसों के अंकुर लुटेरों के घर तक निकले मिलेंगे। इनका पीछा करते हुए लुटेरों को पकड़ा जा सकता है।

(ङ) शहर जाने का इरादा बदलकर भोलाशंकर ने मुखिया रामधन को लेकर थाने जाने का निश्चय कर लिया।

(च) लूट की घटना की रिपोर्ट मिल जाने पर दारोगा जी सिपाहियों के साथ लूट के स्थान पर पहुँचे। वहाँ से सरसों के बीजों के अंकुरों का पीछा करते हुए वे लुटेरे के घर के पास पहुँच गए। एक लुटेरे ने बाकी सभी लुटेरों का पता बता दिया। इस तरह सभी लुटेरे पकड़े गए।

3.पाठ के आधार पर (✓) या (X) का चिह्न बनाइए-

(क) ✓	(ख) ✓	(ग)X	(घ) ✓
(ङ) X	(च) ✓	(छ) ✓	(ज) X
(झ) X	(ञ) ✓		

4.सही विकल्प चुनकर (✓) का चिह्न बनाइए-

(क) अकेलापन दूर करने के लिए

(ख) लुटेरों द्वारा लूटने की

(ग) सरसों के बीजों के अंकुर निकल आए हैं।